## सार-समाचार

### दूसरे दिन भी जारी रहा अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

**गंगापुर सिटी ( निसं )।** नगर परिषद ने शनिवार को अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाए गए और उदेई मोड़ पर अतिक्रमणकारियों से 7 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया। अभियान का नेतृत्व सफाई निरीक्षक पिंटू कुमार मीना और सहायक सफाई निरीक्षक कमलेश ने किया। नगर परिषद की टीम ने फव्वारा चौक, निजी बस स्टैंड, उदेई मोड़, सालौदा मोड़ और नई अनाज मंडी क्षेत्र तक सड़क किनारे से अस्थायी कब्जे हटाए। कार्रवाई के दौरान फुटपाथों पर लगाए गए तख्ते हटाए गए, जबकि सालौदा मोड़ क्षेत्र से कई दुकानों का सामान जब्त किया गया। अभियान के दौरान कुछ स्थानों पर टीम को विरोध का सामना भी करना पड़ा, लेकिन समझाइश के बाद कार्रवाई जारी रही। आम जनता ने नगर परिषद की इस कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया और इसे शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। हाल ही में पुलिस अधीक्षक की जनसुनवाई में शहर में बढ़ते अतिक्रमण और जाम की समस्या का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था। इसके बाद प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिए सख्ती शुरू की है। सफाई निरीक्षक पिंटू कुमार मीना ने बताया कि सड़कों से अस्थायी अतिक्रमण हटने से यातायात व्यवस्था सुचारू होगी और लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि नगर परिषद का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### शपथ ग्रहण समारोह आज

**हिण्डौन सिटी( निसं )।** जिला जाटव समाज सुधार समिति (करौली, सवाई माधोपुर, दौसा) की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को सुबह 11 बजे बयाना रोड स्थित रोशनी बंधन मैरिज गार्डन में आयोजित होगा। समिति के अध्यक्ष हट्टीराम ठेकेदार एवं महामंत्री शिवचरण जाटव ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि कार्मिक विभाग, राजस्थान सरकार के संयुक्त शासन सचिव दाताराम होंगे। समारोह में नवगठित 31 सदस्यीय केंद्रीय कार्यकारिणी एवं तहसील अध्यक्षों का शपथ ग्रहण होगा। कार्यक्रम में करौली, सवाई माधोपुर एवं दौसा जिले से जाटव समाज के बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति, समाजसेवी एवं सदस्य शामिल होंगे। पदाधिकारियों ने बताया कि यह समारोह समाज के संगठन, शिक्षा, सामाजिक सुधार एवं एकता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

### विद्यार्थियों को सिखाई मृदा नमूना लेने की विधि



**भरतपुर ( निस )।** महाराजा सूरजमल कृषि महाविद्यालय रहीमपुर पर ग्रामीण उद्यिमता कृषि विकास योजनान्तर्गत विद्यार्थियों को मृदा नमूना लेना सिखाया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि मई-जून माह मृदा नमूना लेने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त हैं क्योंकि इस दौरान अधिकांश खेत खाली रहते हैं। प्रयोगशाला में मृदा नमूना में उपस्थित पोषक तत्वों की जॉच रिपोर्ट के अनुसार किसानो के लिए फसल में पोषक तत्व एवं कार्बनिक पदार्थ देने की सिफारिस की जाती हैं। इससे मृदा स्वास्थ्य अच्छा रहता है, लागत कम होती है तथा अधिक उत्पादन मिलता है। इसलिए किसानो को मृदा जॉच अवश्य करानी चाहिए। हर जिले में सरकारी मृदा प्रयोगशालाऐं स्थापित है, जहाँ केवल 5 रूपये की नाम मात्र फीस से मृदा नमूने की जॉच की जाती है। सहायक प्रोफेसर मृदा विज्ञान डॉ. लक्ष्मण सिंह ने बताया कि अंग्रेजी के वी अक्षर आकार का 9 इंच गहरे गड्ढे के दोनों तरफ से परत के रूप में नमूना लें तथा एक खेत के 4 से 5 जगह से नमूना लेकर उनका मिश्रण कर ले तथा इसमें 400 ग्राम मिट्टी को थैली में डालकर उसमें किसान अपना नाम, पता व खसरा नम्बर लिख दें तथा प्रयोगशाला में जमा करा दें। मृदा नमूना मेड के पास, सिचाई नाली, कम्पोस्ट खाद के पास तथा पेड़ के नीचे से मृदा नमूना नही लेना चाहिए। डॉ. लक्ष्मण सिंह ने बताया कि किसानों में मृदा जाँच रिपोर्ट के अनुसार फसल में पोषक तत्व देने के प्रति जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थें।

### मूक-बधिर बच्चों के लिए निर्मित होगा कौशल विकास केन्द्र

**करौली, ( निसं )।** मूक-बधिर बच्चों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए निशब्द विद्यालय करौली में कौशल विकास केन्द्र खोला जायेगा। इस कार्य के लिए भवन निर्माण हेतु 55 लाख रूपये की सहायता राशी मन्दिर श्री कैलादेवी ट्रस्ट ने एकट बोधग्राम संस्था को स्वीकृत की है। निशब्द मूक-बधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में निर्मित होने वाले इस केन्द्र की आधारशिला मन्दिर श्री कैलादेवी ट्रस्ट के सोल ट्रस्टी करौली दरबार कृष्णचन्द पाल ने आज एक संक्षिप्त समारोह में रखी। एकट बोधग्राम संस्था के सचिव सत्येन चतुर्वेदी ने दरबार साहब का माल पहना कर और साफा भेंट कर स्वागत किया। पूजन कार्य विधिवत रूप से राज पंडित प्रकाश शर्मा जती ने पूर्ण करवाया। इस केन्द्र के बन जाने पर मूक-बधिर बच्चे सौलर संयन्त्र स्थापना एवं रख-रखाव, मोबाइल और टी. वी. मरम्मत, हाऊस कीपिंग, सिलाई-कढ़ाई और अगरबत्ती निर्माण जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर करौली शहर से मदनमोहन पचौरी, राजेन्द्र भारद्वाज, रामस्वरूप चतुर्वेदी, तेजेन्द्र सिंह, पूरण प्रताप चतुर्वेदी, भूपेन्द्र भारद्वाज, देवेन्द्र चतुर्वेदी, गायत्री सर्राफ, जीतेन्द्र सिंह पिचानौत, सुरेश चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

### जनगणना के लिए प्रगणक फील्ड में भेजे

**गंगापुर सिटी ( निसं )।** जनगणना-2027 के पहले चरण की शुरुआत हो गई है। शनिवार को नगर परिषद में सुपरवाइजरों और प्रगणकों को नियुक्ति पत्र, पहचान पत्र और जनगणना किट देकर फील्ड में रवाना किया गया। यह कार्यक्रम चार्ज जनगणना अधिकारी (नगर) एवं नगर परिषद आयुक्त बृजेंद्र मीना के निर्देशन में आयोजित हुआ। प्रगणकों को उनके आवंटित ब्लॉक, क्षेत्र और सर्किल में मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य के लिए भेजा गया है। वे घर-घर जाकर जनगणना संबंधी जानकारी एकत्र करेंगे। चार्ज अधिकारी बृजेंद्र मीना ने नगर परिषद क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना-2027 के पहले चरण में सही और वास्तविक जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि इससे भविष्य की विकास योजनाएं प्रभावी रूप से तैयार की जा सकेंगी। इस अवसर पर जिला समन्वयक अंकित कुमार गुप्ता, फील्ड ट्रेनर अरुण वैश्य, अरविंद खंडेलवाल, भगवान सहाय गुप्ता, जितेंद्र कुमार सहित सभी सुपरवाइजर और बड़ी संख्या में प्रगणक मौजूद रहे। किट प्राप्त करने के बाद सभी प्रगणक अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों के लिए रवाना हो गए।

### भाजपा ने मनाई पूर्व विदेश मंत्री कुंवर नटवर सिंह की जयंती

**भरतपुर ( निस )।** विदेश नीति के ज्ञाता एवं विश्व में भारत का परचम लहराने वाले निडर, साहसी एवं कर्तव्यनिष्ठ पद्म भूषण पूर्व विदेश मंत्री भारत सरकार एवं नदबई विधायक जगत सिंह के पिताश्री नटवर सिंह की 97वीं जन्म जयन्ती भाजपा कार्यालय पर श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाई गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला संगठन प्रभारी नरेश बंसल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें अपने पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के आदर्शों की पालना करते हुए उनसे कर्तव्यनिष्ठता का गुण सीखना चाहिए। जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें नटवर सिंह की तरह अपने देश के प्रति समर्पित होना चाहिए। कार्यक्रम सहसंयोजक जगत गुर्जर ने सभी आगन्तुक कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। जिला मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र पचौरी ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येन्द्र पथैना, जिला उपाध्यक्ष रज्जन सिंह महुआ, जिला महामंत्री भगवान दास शर्मा, कृष्णा जाट, दुर्गेश बुटौलिया, उत्तम शर्मा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी आशीष खण्डेलवाल, जिला प्रवक्ता अनुराग तमरौली एवं कुलदीप पोसवाल, सुरेन्द्र जट्टा, सुरेन्द्र सांतरूक, नीरज सत्तो गौड, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी के विरोध में सर्व समाज महासभा ने किया पुतला दहन

**भरतपुर ( निस )।** सर्व समाज महासभा के राष्ट्रीय महासचिव अनिल भारद्वाज, राष्ट्रीय सचिव इन्दुशेखर शर्मा, के. के. शर्मा, राहुल मालीपुरा के संयोजन मे राज कुमार भाटी राष्ट्रीय प्रवक्ता समाजवादी पार्टी द्वारा ब्राह्मण समाज पर अमर्यादित टिपण्णी करने पर पुतला दहन लक्ष्मण मंदिर चौक भरतपुर पर किया गया पुतला दहन से पूर्व सभा की गई जिस में अनिल भारद्वाज ने कहा कि आए दिन ब्राह्मण समाज के साथ अभद्रता अमर्यादित टिप्पणी की जाती है दो दो कौड़ी के लोग विदेशी षड्यंत्र का शिकार पैसा लेकर देश में भाई चारे को खराब करते हैं ब्राह्मण अपने कर्म से श्रेष्ठ था श्रेष्ठ हे और रहेगा वामपंथी एक सोची समझी रणनीति के तहत ब्राह्मण सामज को टारगेट करते है क्योकि हिन्दु धर्म की मूल आत्मा ब्राह्मण समाज से ही है जो पूजा पाठ कर्म कांड से सत्य सनातन हिन्दु धर्म को पथित होने से रोके हुए है।



ब्राह्मण समाज पर अमर्यादित टिपण्णी को लेकर पुतला दहन किया गया।

- राज कुमार भाटी राष्ट्रीय प्रवक्ता समाजवादी पार्टी द्वारा ब्राह्मण समाज पर अमर्यादित टिपण्णी करने पर पुतला दहन किया गया

इस देश को हमारे पुर्वजों ने खून पसीने से सीचा हे मंगल पांडे जनेऊ धारी चंद्र शेखर तिवारी बाल गंगाधर तिलक गोपाल कृष्ण गोखले वीर सावरकर डॉ केशव राव बलि राव हेडगेवार खुदी राम बोस रास बिहारी बंकिम चंद रानी लक्ष्मीबाई पेशवा बाजीराव क्या ये भले लोग नहीं थे जिन्होंने अपनी जवानी देश के लिए लगा दी जेएनयू देश द्रोही नारा लगाते हैं। ब्राह्मण भारत छोड़ो जो भाषा अंग्रेज बोलते थे ब्राह्मण यूरेशिया से आए वो ही भाषा देश द्रोही भारत के गद्दार बोलते हैं सरकार कार्यवाही नहीं करती अगर समय पर जेल भेजती तो आगे हिम्मत नहीं किसी की होती ब्राह्मण धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो विश्व का कल्याण जो सर्वे भवन्तु सुखिन की कामना करता है फ़िर भी गाली खाता हैं।

वक्ताओं में युवा नेता इन्दुशेखर शर्मा, विप्र फाउंडेशन के डॉ. दयाचन्द पचौरी, गंगाराम पाराशर , डॉ. सुशील पाराशर, नेत्रकमल मुदगल, राहुल शर्मा मालीपुरा,राजीव तिवारी, ब्रजभूषण पाराशर, घनश्याम शर्मा, विपुल शर्मा,लोकेश मणि जीवन लाल राजेंद्र दंडोतिया अवंतिका हिंदू कोमल माली पुरा आकाश शर्मा कौशलेश शर्मा अशोक शर्मा अजीत गावड़ी प्रशांत उपमन्यु गौरव शर्मा मड़ौली अतुल शर्मा माली पुरा शर्मा, नरेश लवानिया, मनोज शर्मा, लोकेशमणि, जीवनलाल शर्मा, राजेंद्र दंडोतिया, अवंतिका हिंदू कोमल माली ल्पुरा आकाश शर्मा, कौशलेश शर्मा, अशोक शर्मा, अजीत गावड़ी, प्रशांत उपमन्यु गौरव शर्मा मड़ौली ,अतुल शर्मा मालीपुरा, संजीव तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

### 'आज यहां जाएंगें ग्राम रथ'

**करौली, ( निसं )।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लखन सिंह ने बताया कि विधानसभा वार ग्राम रथ अभियान हेतु रथों को संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रथ 16 मई को टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भण्डारी बैरूणी में प्रातः 09 बजे, बिजलवाड़ा में 10:30 बजे, जैसनी में 04 बजे, गोपालपुरा में सायं 5:30 बजे पहुँचेंगे। इसी प्रकार हिण्डौन विधानसभा क्षेत्र में प्रातः 9 बजे ग्राम बनवारीपुर, 10:30 बजे हिंगोट, दोपहर 04 बजे कोडिया, शाम 5:30 बजे कादरौली वहीं विधानसभा क्षेत्र सपोटरा में प्रातः 09 बजे ग्राम खिरखिडी, 11 बजे पिलौदापुरा, 01 बजे बलुआपुरा, दोपहर 3 बजे भूत्यापुरा एवं 5 बजे डाबिर में रथ पहुँचेंगे। विधानसभा क्षेत्र करौली में प्रातः 09 बजे ग्राम विरहटी, 10:30 बजे आनन्दगढ़, 4 बजे खरेटा, 5:30 बजे मोहनपुर में पंहुच कर रथ राज्य सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। जिससे आमजन जागरूक रहकर राज्य सरकार की योजनाओ से अधिकाधिक लाभ प्राप्त कर सके।

# 'भीषण गर्मी और हीटवेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट'

**डीग भरतपुर ( निस )।** डीग जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान और भीषण हीटवेव (लू) को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय सिंघल द्वारा जारी एडवायजरी में लोगों को गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने तथा स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई है। एडवायजरी में कहा गया है कि भीषण गर्मी के दौरान शरीर में पानी की कमी नहीं होने देना बेहद जरूरी है। लोगों से प्यास न लगने पर भी थोड़े-थोड़े अंतराल में पानी पीते रहने की अपील की गई है। इसके अलावा नींबू पानी, ओआरएस घोल, छाछ, लस्सी और आम पन्ना जैसे पेय पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी गई है।

- सीएमएचओ डॉ. विजय सिंघल ने जारी की एडवायजरी, दोपहर में बाहर निकलने से बचने और अधिक पानी पीने की अपील

स्वास्थ्य विभाग ने दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच तेज धूप में बाहर निकलने से बचने को कहा है। बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें तथा बच्चों और बुजुर्गों को सीधे धूप और अधिक तापमान के संपर्क में न आने दें। धूप में निकलते समय हल्के रंग के, ढीले और सूती कपड़े पहनने, सिर को टोपी, छाते या सूती गमछे से ढकने तथा आंखों की सुरक्षा के लिए धूप के चश्मे का उपयोग करने की सलाह दी गई है। खान-पान में सावधानी बरतने की अपील करते हुए विभाग ने तरबूज, खरबूजा, खीरा और ककड़ी जैसे पानी से भरपूर मौसमी फलों को आहार में शामिल करने की सलाह दी है। वहीं बासी भोजन, चाय, कॉफी और अत्यधिक चीनी वाले पेय पदार्थों से परहेज करने को कहा गया है।

एडवायजरी में बताया गया है कि यदि किसी व्यक्ति में तेज बुखार, सिरदर्द, चक्कर आना, जी मिचलाना या बेहोशी जैसे लू के लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत ठंडे और छायादार स्थान पर ले जाकर शरीर पर गीले कपड़े की पट्टियां रखें तथा नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के लिए पहुंचाएं। विभाग की ओर से सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर त्वरित कूलिंग उपचार की निशुल्क व्यवस्था की गई है। हीटवेव प्रबंधन को लेकर गुरुवार उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मानसिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामअवतार शर्मा तथा प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डीग डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा टाको विधि से मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान डॉ रामावतार शर्मा द्वारा मनरेगा श्रमिकों को हीटवेव से बचाव के उपाय बताए गए। साथ ही हाई रिस्क ग्रुप में शामिल बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को ओआरएस वितरण एवं घर पर ओआरएस घोल तैयार करने की जानकारी भी दी गई।

### ग्राम पंचायत कांचरौली में रात्रि चौपाल संपन्न

**करौली, ( निसं )।** आमजन की समस्याओं की सुनवाई व उनके त्वरित निस्तारण के लिए उपजिला कलक्टर हेमराज गुर्जर की अध्यक्षता में शुक्रवार को पंचायत समिति श्रीमहावीरजी की ग्राम पंचायत कांचरौली में रात्रि चौपाल के दौरान जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान उपजिला कलक्टर ने परिवादियों की समस्याएं संवेदनशीलता के साथ सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान एनएफएसए में नाम जुड़वाने, पत्थर गढ़ी करवाने, विद्युत समस्या का निस्तारण करवाने, अतिक्रमण हटवाने, पेयजल व्यवस्था करवाने, साफ सफाई करवाने सहित पंचायती राज विभाग, पुलिस विभाग, श्रम विभाग सहित विभिन्न विभागों के प्रकरण प्राप्त हुए । जिन पर उपजिला कलक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने रात्रि चौपाल एवं सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त एवं लम्बित प्रकरणों का 15 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडे। रात्रि चौपाल के दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र कुमार मीना, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ.गंगासहाय मीना, जिला रसद अधिकारी हितेश मीणा, समाज कल्याण अधिकारी श्रवण मीणा सहित अन्य जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में परिवादी उपस्थित रहे।

# समृद्ध भारत अभियान के निदेशक गुप्ता ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**भरतपुर ( निस )।** राज्य सरकार द्वारा शहर में करीब 370 करोड़ रुपये की लागत से बनाये जा रहे फ्लाई ओवरों के स्थान पर यदि रिंग रोड को सिक्स लेन में परिवर्तित कर दिया जाता है तो लागत राशि की बचत होगी। वहीं इनके निर्माण के कारण जनता को हो रही भारी परेशानी से मुक्ति मिल जायेगी। इस सम्बन्ध में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर आग्रह किया है कि फ्लाई ओवरों के निर्माण की गति इतनी धीमी है कि निर्माण का मात्र 2 प्रतिशत ही काम हुआ है। इन फ्लाई ओवरों के स्थान पर रिंग रोड के सिक्स लेन बनाने के बाद बचत राशि का उपयोग सुजान गंगा के जीर्णोद्धार व सेवर से ऊँचा नगला तक एलीवेटेड रोड का निर्माण जैसे कार्यों में किया जा सकता है।

- धीमी निर्माण गति से जनता परेशान, फ्लाई ओवर निर्माण की राशि से कराएं अन्य विकास कार्य

गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में काली की बगीची से सूरजपोल चौराहा तथा हीरादास बस स्टैंड से कुम्हेर गेट तक बनाए जा रहे फ्लाई ओवरों की निर्माण गति अत्यंत धीमी है। करीब 370 करोड़ रुपये की लागत वाली इन परियोजनाओं का अभी तक बहुत कम कार्य हुआ है और जिस गति से निर्माण कार्य चल रहा है, उससे इनके पूरा होने में लगभग तीन वर्ष या उससे अधिक समय लग सकता है। जिसका उदहारण नदबई कस्बे में बने रेलवे ओवर ब्रिज का देखा जा सकता है जिसे पूरा होने में करीब 15 वर्ष लगे ! उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के कारण जगह-जगह सड़कें संकरी हो गई हैं, गड्ढे खोदे गए हैं तथा ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। इससे आमजन, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं बाहर से आने वाले पर्यटकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भरतपुर शहर पहले से ही संकरी सड़कों, बढ़ते ट्रैफिक दबाव और पार्किंग समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे में लंबे समय तक चलने वाले फ्लाई ओवर निर्माण कार्य शहर की आर्थिक एवं सामाजिक गतिविधियों पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। व्यापारिक क्षेत्रों में ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है तथा लोगों को प्रतिदिन घंटों ट्रैफिक जाम में फँसना पड़ रहा है। गुप्ता ने आशंका व्यक्त की कि फ्लाई ओवर बनने के बाद उनके नीचे गंदगी, अतिक्रमण, अव्यवस्थित पार्किंग तथा असामाजिक गतिविधियों की संभावना बढ़ सकती है, जिससे शहर की सुंदरता एवं स्वच्छता प्रभावित होगी।

### अवैध खनन पर भरतपुर पुलिस की कार्रवाई

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रूदावल थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध पत्थरों से भरे 22 चक्का ट्रेलर को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ट्रेलर से चार बड़े पत्थर ब्लॉक बरामद कर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर के निर्देशन में जिलेभर में अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना रूदावल पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध खनन कर परिवहन किए जा रहे एक 22 चक्का ट्रेलर को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है।

- 22 चक्का ट्रेलर सहित चालक गिरफ्तार

जानकारी के अनुसार थानाधिकारी रूदावल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा 15 मई 2026 को क्षेत्र में नाकाबंदी एवं गश्त की कार्रवाई की जा रही थी। इसी दौरान रेलवे अंडरपास महलपुरचूरा के पास एक 22 चक्का खुला बॉडी ट्रेलर संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने वाहन को रुकवाकर जांच की तो उसमें अवैध खनन कर लाए जा रहे चार बड़े पत्थर ब्लॉक भरे हुए मिले। पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए ट्रेलर चालक बेताल सिंह पुत्र यादराम उम्र 27 वर्ष निवासी कुन्देर थाना उच्चौन, जिला भरतपुर को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही अवैध पत्थरों से भरे ट्रेलर को भी जब्त कर लिया गया। थाना रूदावल में आरोपी के खिलाफ मुकदमा संख्या 169/26 धारा 4/21 एमएमआरडी एक्ट एवं 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

### वार्षिक यात्रा 22 को

**गंगापुर सिटी ( निसं )।** मां गुमानो बीजासनी देवी सेवा समिति करणपुर वाली द्वारा करणपुर धाम के लिए वार्षिक यात्रा 22 मई 2026 को आयोजित की जाएगी। यह यात्रा गंगापुर सिटी स्थित थोक फल-सब्जी मंडी, उदेई मोड़ से दोपहर 3 बजे रवाना होकर शाम 6 बजे करणपुर धाम पहुंचेगी। धाम में पहुंचने के बाद विशाल जागरण और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यात्रा में शामिल होने वाली महिलाओं के लिए जागरण के दौरान ड्रॉ सिस्टम के माध्यम से चुनरियों की लॉटरी भी निकाली जाएगी, वापसी में श्रद्धालु कैलादेवी और खोहरी के दर्शन करते हुए गंगापुर सिटी लौटेंगे।

# भरतपुर में राजस्थान लैण्ड पुलिंग स्कीम 2016 का विरोध

**भरतपुर ( निस )।** बीडीए भरतपुर की राजस्थान लैण्ड पुलिंग योजना के विरोध में गांव जाट मडौली के अंदर संघर्ष समिति के अध्यक्ष सरपंच दौलतसिंह की अध्यक्षता में शनिवार को किसानों ने एक बैठक आयोजित की जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि अगर राजस्थान लैण्ड पुलिंग योजना में बीडीए 45 से 55 प्रतिशत किसानों को भूमि कनवर्ट एवं विकसित करके देती है तो किसानों की सहमति है। किसानों की मीटिंग से सम्बोधित करते हुए पूर्व सरपंच सोहन सिंह ने किसानों से आव्हान किया कि बीडीए के द्वारा किसानों की भूमि लेने के लिए जबरदस्ती की गई तो हम पीडित किसानों के साथ मिलकर बीडीए की कार्यवाही का विरोध करेंगे और एक जन आन्दोलन खडा करना होगा। जाट मडौली के किसानं सुन्दर सिंह ने मौजूद किसानों को आश्वस्त किया कि जब किसानों का आन्दोलन होगा तब जाट मडौली के किसान पीडित किसानों के साथ खडे होंगे। रामपुरा के किसान शंकर सिंह ने अपने सम्बोधन में बीडीए प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी कि राजस्थान लैण्ड पुलिंग स्कीम में किसानों की भूमि, जमीन को बिना सहमति के लिया गया तो किसान एक जन आन्दोलन के रूप में काले झण्डे लेकर बीडीए के खिलाफ रैली एवं धरना प्रदर्शन करेंगे। खडेरा के किसान जगदीश प्रसाद शर्मा, रामदयाल शर्मा झीलरा, दौलत सिंह व नगला सैह के भगवान सिंह, मलाह के वीरपाल आदि ने सम्बोधित करते हुए किसानों की पंचायत में किसानों की रैली के माध्यम से जिला कलक्टर, प्रदेश के मुख्यमंत्री को किसानों की विपरीत लागू की जाने वाली राजस्थान लैण्ड पुलिंग स्कीम से किसानों को हो रहे अहित से अवगत कराने के लिए एक ज्ञापन दिया जावेगा।

# अनंत महिला शक्ति ने मेधावी छात्राओं व शिक्षिकाओं का किया सम्मान

**भरतपुर ( निस )।** अनंत महिला शक्ति भरतपुर द्वारा माध्यमिक शिक्षा के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने का अभियान जारी है। इसी क्रम में एसबीके राजकीय बालिका सीनियर सैकण्डरी विद्यालय भरतपुर में आयोजित सम्मान समारोह में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को दुपट्टा पहनाकर एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने वाली शिक्षिकाओं एवं विद्यालय की प्रिंसीपल बबीता चौधरी का भी दुपट्टा एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अनंत महिला शक्ति अध्यक्ष पूनम चौधरी ने कहा कि हमारा उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को समाज एवं जनता के सामने लाना तथा प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना है।



एस.बी.के राजकीय विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

- हमारा उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को समाज एवं जनता के सामने लाना तथा प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना है

उन्होंने कहा कि प्रतिभावान विद्यार्थी के सम्मान से अन्य विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बबीता चौधरी ने कहा कि अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत व अनुशासन जरूरी है। उन्होंने अनंत शक्ति सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। अनंत महिला शक्ति द्वारा सरकारी विद्यालयों की प्रतिभाओं को समाज के सामने लाने का यह प्रयास अत्यंत प्रेरणादायक और सराहनीय है। इस सम्मान समारोह में साधना शर्मा आशा सिंह, प्रतिभा सिंह, सुमन लता चौधरी, सरिता सिंह, रेनू सोई और डॉ सुनीता कुलश्रेष्ठ सहित समस्त स्टाफ, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे थे।


**पश्चिम मध्य रेल**

ई. निविदा सूचना, सिविल इन्जीनियरिंग
संख्या-डब्ल्यू/623/15, दिनांक-13.05.2026

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवम उनकी ओर से वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई. निविदा आमंत्रित करते है। **टेंडर सख्याः** 83/2026, **कार्य का विवरणः** कोटा – गंगापुर सेक्शन – पम्पिंग आउट ऑफ रेन वाटर/मड़ एण्ड़ फ्रॉम एलएचएस इन लियू ऑफ एल सी नं. 129, 131, 139, 140, 141Y 143, 144, 145, 146, 147, 149, 150, 153, 154, 155, 156, 157, 158, 159, 160, 162, 163, 164 एण्ड 2/टी इन्क्लूड़िग क्लीनिंग ऑफ सम्प/ड्रेन अण्डर द जूरिसडिक्शन एडीईएन सवाई माधोपुर (2 साल के लिए)., **अनुमानित लागतः** 6011463.90, **बयाना राशि** : 120200.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समयः** 02.06.2026 को 15.30 घंटे पर., **टेंडर सख्याः** 84/2026, कार्य का विवरण : कोटा चित्तौड़ सेक्शन कन्सट्रक्शन ऑफ एलएचएस एट क्लोज एलसी न. 53 एट कि. मी. 41/01–02 विटबिन बूंदी श्रीनगर स्टेशन अण्डर एड़ीईएन – सी – कोटा।, **अनुमानित लागत** : 36725455.74, **बयाना राशि** : 734500.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय** : 02.06.2026 को 15.30 घंटे पर., **टेंडर सख्या** : 85/2026, **कार्य का विवरण** : नागदा कोटा सेक्शन प्री एण्ड पोस्ट टेंर्मपंग ट्रेक मेशर्मन्ट सर्वे यूजिंग टीमब्ल, गेदो वोरसीस ट्रोली सिस्टम और सिमिलर, केलकुलेशन, मार्किगं एण्ड फिंड़िग ऑफ डिजाइन डाटा टू ट्रैक मशीन टू अचीव डिजाइनड़ लाइन एण्ड लेवल ऑफ दि ट्रेक, **अनुमानित लागत** : 4803803.40, **बयाना राशिः** 96100.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय** : 02.06.2026 को 15.30 घंटे पर., **टेंडर सख्याः** 86/2026, कार्य का विवरण : भवानीमंड़ी प्रोविजन ऑफ एचएल प्लेटफार्म एट पीएफ 2/3 अण्डर अमृत भारत स्टेशन स्कीम, **अनुमानित लागतः** 42285101.91, **बयाना राशिः** 845700.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय** : 02.06.2026 को 15.30 घंटे पर., **टेंडर सख्याः** 87/2026, कार्य का विवरण : नागदा कोटा सेक्शन चौनलाइजिंग दि रेन वाटर फ्राम एलएचएस एट एलसी न. 93 ( कि. मी. 876/16–18) टू ब्रिज न.. 160 ( कि. मी. 875/06–10) टू अवॉइड वाटर लॉजिंग इन एलएचएस एट एलसी न.: 93 नियर ड्रोवरा विलेज विटबिन दरा रावता रोड़ स्टेशन अण्ड़र द जूरिसडिक्शन ऑफ एड़ीईएन – रामगंजमंड़ी ।, **अनुमानित लागतः** 27668558.05, **बयाना राशिः** 553400.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समयः** 02.06.2026 को 15.30 घंटे पर., **टेंडर सख्याः** 88/2026, **कार्य का विवरणः** गंगापुर सिटी – सप्लाई ऑफ 300000 लीटर क्लीन पोटेवल वाटर पर ड़े इन रेलवे सम्प न. 1, 2 एण्ड़ 3 फोर 1095 डेज., **अनुमानित लागतः** 5509359.24, **बयाना राशिः** 110200.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय** : 02.06.2026 को 15.30 घंटे पर, **टेंडर सख्या** : 89/2026 आर, कार्य का विवरण : (I) रिपेयर्स टू वे साइड़ स्टेशन स्टेजिंग ऑफ वाटर टैंक एट धौर्मुई जधीना, सेवर, पिंगौरा (केपेसिटी 0.5 लाख लीटर आरसीसी ओएच टैंक). (II) कोटा डिवीजन रिपेयर एण्ड मेंटेनेन्स ऑफ हैंड़ पम्पस एट वेरियस लोकेशन्स इन द जूरिस्डिक्शन ऑफ सीनियर ड़ीईएन नार्थ सेक्शन, **अनुमानित लागतः** 9053883.43, **बयाना राशिः** 181100.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समयः** 02.06.2026 को 15.30 घंटे पर. पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई. निविदा में तथा वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय पश्चिम मध्य रेलवे कोटा मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय की कार्यलेखा शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

(हस्ता)
वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेल, कोटा,

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर